मुख्यमंत्री ने हाट बाज़ार क्लीनिक योजना पर डब्ल्यूएचओ द्वारा तैयार कराई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म रिलीज की

चर्चा में क्यों?

21 नवंबर, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीशगढ़ सरकार की हाट बाज़ार क्लीनिक योजना पर डब्ल्यूएचओ द्वारा तैयार कराई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म रिलीज की। यह फिल्म विश्व स्वास्थ्य संगठन के जिनेवा स्थित मुख्यालय में दिखाई जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने छत्तीसगढ़ की हाट बाज़ार क्लीनिक योजना की सराहना की है। डब्ल्यूएचओ ने वनांचल और दूरस्थ अंचल के गाँवों में लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुँचाने में कारगर छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म तैयार कराई है।
- इस अवसर पर उपस्थित डब्ल्यूएचओ की प्रतिनिधि डॉ. हिल्डे डी. ग्रीव ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लीनिक योजना का लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। यह नवाचार देश के किसी अन्य राज्य में नहीं है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए डब्ल्यूएचओ ने इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण कराया है, जिससे इस योजना का प्रचार-प्रसार अन्य राज्य ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी हो सकेगा।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संवेदनशीलता के साथ दूरस्थ अंचल के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिये इस योजना के माध्यम से सराहनीय पहल की है।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि हाट बाज़ार क्लीनिक योजना के माध्यम से अब तक 62 लाख 47 हज़ार से अधिक लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।
- इस योजना का लाभ आज वनांचल क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति को भी मिल रहा है। जो लोग अस्पताल से दूरी होने की वजह से अपना इलाज नहीं करा पाते थे, वे आज अपने घर के समीप इस योजना के माध्यम से इलाज करा रहे हैं।
- हाट-बाज़ार क्लीनिक योजना की मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान और मुख्यमंत्री सुपोषण योजना की सफलता में प्रभावी भूमिका रही है। इस योजना के संचालन से बस्तर में डायरिया के प्रकरण काफी कम हुए हैं।
- विदित है कि 429 मेडिकल मोबाइल वाहनों की मदद से प्रदेश में 1798 हाट-बाज़ार क्लीनिक योजना का संचालन किया जा रहा है। अब तक 1 लाख 28 हज़ार से अधिक हाट बाज़ार क्लीनिक के माध्यम से पिछले 4 वर्षों में 62 लाख 47 हज़ार से अधिक लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हुई है।
- हाट-बाज़ार क्लीनिक योजना में 10 प्रकार की जाँच और 60 प्रकार की दवाइयाँ निःशुल्क दी जा रही हैं। इस योजना में 57 लाख 35 हज़ार से अधिक लोगों को दवा वितरण किया गया तथा 25 लाख से अधिक लोगों ने पैथोलॉजी जाँच कराई है।
- हॉट बाज़ार क्लीनिक योजना में गर्भवती माताओं की जाँच, संक्रामक तथा असंक्रामक बीमारियों की जाँच, नेत्र रोग जाँच, कुपोषण जाँच, चर्म रोग, मधुमेह, टीबी, कुष्ठरोग, उच्च रक्तचाप तथा एचआईवी जाँच और परिवार नियोजन संबंधी सलाह लोगों को दी जा रही है। इन क्लीनिकों में शिशुओं और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी किया जा रहा है।
- स्वास्थ्य सचिव आर. प्रसन्ना ने कहा कि इस योजना में मरीज़ों को रेफरल इलाज के लिये आवश्यकता अनुसार नज़दीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ज़िला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में भेजा जा रहा है। पिछले 4 वर्षों में हाट बाज़ार क्लीनिक में आने वाले मरीज़ों की संख्या 18 से बढ़कर 72 हो गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/documentary-film-on-haat-bazar-clinic-scheme